न्यायालय अति. जिला कलक्टर दौसा

मु.नं. 7/2023 नामांतरण अपील

तारीख हुक्म	उनवान - कम्मोदेवी उर्फ कमला बनाम रामपति व अन्य हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
17-4-26	आज पीठासीन अधिकारी महोदय राज्य कार्य में व्यस्त / अवकाश पर होने से गत आदेश की पालना में पत्रावली दिनांक 20-4-26 को पेश हो।
20-4-26	आज पीठासीन अधिकारी महोदय राज्य कार्य में व्यस्त / अवकाश पर होने से गत आदेश की पालना में पत्रावली दिनांक 27-4-26 को पेश हो।
27-4-26	पत्रावली पेश हुई। अधिकांश रेस्पोंडेंट्स में लगातार उपस्थित अधिकांश अपीलांट्स एवं अपीलांट्स को बार-बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अपीलांट्स अथवा अधिकांश अपीलांट्स में से कोई भी पैरवी हेतु उपस्थित नहीं हुआ। जिससे यह प्रतीत होता है कि अपीलांट्स विचाराधीन अपील को नहीं चलाना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में मु.नं. 04/2022 उनवान रामपति बनाम सरकार में तहसीलदार सिकराय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28-10-2022 एवं नामांतरण संख्या 33 दिनांक 29-11-2022 ग्राम दर्जीपुर तहसील सिकराय जिला दौसा के विरुद्ध अपीलांट्स कम्मोदेवी उर्फ कमला पत्नी स्व. रमेश चंद जाति मीना निवासी दर्जीपुर तहसील सिकराय हाल निवासी भूज तहसील टोडाभीम जिला करौली, गुमान सिंह पुत्र स्व. रमेश चंद जाति मीना निवासी दर्जीपुर तहसील सिकराय हाल निवासी भूज तहसील टोडाभीम जिला करौली, मुनेश पुत्री स्व. रमेश चंद मीना निवासी दर्जीपुर तहसील सिकराय, पत्नी शंकरलाल मीना निवासी डोलिया तहसील सिकराय जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित प्रति सहित अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख वापस भिजवाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति पश्चात अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 27-4-2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

27/4/2026

अरविन्द शर्मा
अति. जिला कलक्टर
दौसा (राज.)